2. फ़सलों के त्योहार

शब्दार्थ लिखिए :–

शब्द		अर्थ
बोरसी	=	अँगीठी
तापना	=	सेंकना
चाँपाकल	=	हैंडपंप, बरमा
हाँक	=	ज़ोर से बोलकर किसी को पुकारना
मचिया	=	छोटी चौकोर चौकी जो खाट की तरह सुतली आदि से बुनी हो
सैलाब	=	भीड़, अधिकता
फ़रमाइश	=	माँग

शब्द		अर्थ
इज़हार	=	ज़ाहिर करना, प्रकट करना
जश्न	=	उत्सव, फ़ंक्शन
खुशनुमा	=	अच्छा
करीने	=	तरीके से
बुहार	=	झाड़-पोंछ
खरीफ़	=	एक फ़सल का नाम
दाड़िम	=	अनार
गौर से	=	ध्यान से
कतार	=	लाइन, पंक्ति
पाला	=	कोहरा, बहुत ज़्यादा ठंड

पाठ-ज्ञान

1. उचित शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए—

(i) खिचड़ी के समय धूप में .... की शुरुआत होनी चाहिए।

(ii) गुजरात में .... के बिना मकर-संक्रांति का जश्न अधूरा माना जाता है।

(iii) मकर-संक्रांति के दिन से .... की शुरुआत मानी जाती है।

(iv) .... के दिन विशेष रूप से 'साल' के पेड़ की पूजा की जाती है।

(v) पूजा किया हुआ .... धान अगली फ़सल में बोया जाता है।

Exercise questions from Book :-

मौसम का अंदाज

प्रश्न 1."खिचड़ी में अइसन जाड़ा हम पहिले कब्बो न देखनी|"यहाँ तुम 'खिचड़ी' से क्या मतलब निकाल रही हो?

उत्तर-यहाँ खिचड़ी से मतलब मकर-संक्रांति से है|

प्रश्न 2.क्या कभी ऐसा हो सकता है कि सूरज बिल्कुल ही न निकले?
अगर ऐसा हो तो .... अपने साथियों के साथ बातचीत करके लिखो|

उत्तर-अगर सूरज न निकले तो चारो ओर अँधेरा रहेगा और ठंड भी अधिक हो जाएगी|

प्रश्न 3.बाहर देखने से समय का अंदाजा क्यों नहीं हो पा रहा था?जिनके पास घड़ी नहीं होती वे समय का अनुमान किस तरह से लगते है?

उत्तर-बाहर सूरज नहीं निकला था इसलिए समय का अंदाजा नहीं हो पा रहा था| जिसके पास घड़ी नहीं होती, वे समय का अनुमान सूरज को देखकर लगाते है|

प्रश्न 2.तुम्हें कौन-सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है और क्यों? इस दिन तुम्हारी दिनचर्या क्या होती है?
उत्तर-हमें होली का त्योहार सबसे अच्छा लगता है क्योंकि इस दिन चारों ओर रंग ही रंग देखने को मिलते हैं| इस दिन हम सुबह से ही जोश तथा उत्साह से भरे रहते हैं| गुजिया इस त्यौहार की मुख्य मिठाई है| जो लोग बड़े आनंद से खाते हैं|

अन्न के बारे में

प्रश्न-(क) फसल के त्योहार का 'तिल' का बहुत महत्व होता है| तिल का किन - किन रूपों में इस्तेमाल किया जाता है? पता करो?

उत्तर- तिल से विभिन्न प्रकार के पकवान तथा मिठाईयां बनाई जाती है| इससे तेल भी बनता है|

(ख) तुम जानती हो कि तिल से तेल बनता है? और किन चीजों से तेल बनता है और कैसे? हो सके तो तेल की दुकान में जाकर पूछो|
उत्तर- तिल के अतिरिक्त नारियल, सरसों, आंवला, मूंगफली, बादाम और फूलों से तेल बनता है| यह तेल मशीनों द्वारा निकाला जाता है|